हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 14 जून 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भारत भाग्य विधाता फिल्म को हरियाणा में कर मुक्त करने की घोषणा की है। कल शाम पंचकूला में अभिनेत्री एवं सांसद कंगना रनौत की भारत भाग्य विधाता फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग रखी गई थी।

फिल्म देखने के बाद मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने यह घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि 26/11 के मुंबई हमले की एक घटना पर आधारित यह फिल्म बहुत प्रेरणादायी है। इस तरह की फिल्में मुसीबत के वक्त नागरिकों को उनकी जिम्मेदारी का अहसास करवाती है। उन्होंने कहा कि फिल्म बताती है कि हर व्यक्ति अपनी जिम्मेवारी समझेगा तो विकसित भारत का लक्ष्य जल्दी हासिल होगा। उन्होंने कहा कि देश के नागरिकों को ऐसी प्रेरणादायक फिल्म देखनी चाहिए।।

मुख्यमंत्री के साथ के साथ उनकी धर्मपत्नी सुमन सैनी, कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, श्याम सिंह राणा, राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा, विधायक सतपाल जांबा ,रणधीर पनिहार और शक्तिरानी शर्मा समेत कई नेताओं ने भी यह फिल्म देखी।

इसके अलावा हरियाणा के गृह सचिव सुधीर राजपाल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण गुप्ता , वित्तायुक्त सुमिता मिश्रा समेत कई अधिकारी भी फिल्म देखने पहुंचे थे। फिल्म की अभिनेत्री कंगना रनौत भी इस विशेष स्क्रीनिंग में शामिल रही।

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं संरचना विकास निगम - एचएसआईआईडीसी के प्रबंध निदेशक को साहा औद्योगिक विकास केंद्र में तुरंत प्रभाव से फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी

खड़ी करने के दिशा-निर्देश दिए हैं।ताकि आपात समय में तुरंत कार्रवाई की जा सके।

श्री विज ने कल साहा औद्योगिक विकास केंद्र में ग्लासवेयर फैक्टरी में लगी आग की घटना का जायजा लेने के उपरांत यह निर्देश दिए। उन्हें औद्योगिक क्षेत्र में दमकल विभाग की कोई गाड़ी तैनात न होने की जानकारी मिली थी। उन्होंने कहा कि गाड़ी में पानी भरने के लिए वहां पानी का बोर भी करवाया जाए।

पत्रकारों से बातचीत में श्री अनिल विज ने कहा कि साहा औद्योगिक केंद्र में लगभग 300 यूनिट है और वहां काफी श्रमिक काम करते हैं। उन्होंने कहा कि यहां दमकल विभाग का इंतजाम होना ज़रूरी है और गाड़ी खड़ी करने के लिए जगह भी है।

हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने 21 जून को राज्य भर में पुनः आयोजित होने वाली नीट की परीक्षा के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने परीक्षा की तैयारियों का जायजा लेने के लिए

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी उपायुक्तों, पुलिस अधीक्षकों, पुलिस उपायुक्तों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के महानिदेशक अभिषेक सिंह भी मौजूद रहे।

मुख्य सचिव ने सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता या गड़बड़ी न हो।

पर्यावरणीय स्थिरता और परिचालन दक्षता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए चंडीगढ़ औद्योगिक एवं पर्यटन विकास निगम ने अपने तीन प्रमुख होटलों - होटल माउंट व्यू, होटल शिवालिक व्यू तथा होटल पार्क व्यू में पाइप्ड नेचुरल गैस -पीएनजी का उपयोग शुरू कर दिया है।

निगम के प्रवक्ता ने कहा कि पीएनजी को अपनाना निगम की स्वच्छ और हरित ऊर्जा समाधानों को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो सतत शहरी विकास के लिए सरकार की परिकल्पना के अनुरूप है।

विश्व रक्तदाता दिवस पर हरियाणा की जेलों में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कल भी इस उपलक्ष्य में विभिन्न जिलों में आयोजित रक्तदान शिविरों में अधिकारियों-कर्मचारियों एवं परिजनों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। कल विभिन्न जेलों से 525 यूनिट रक्त दान किया गया।

हरियाणा के कारागार महानिदेशक आलोक मित्तल के मार्गदर्शन में पलवल जिला की कारागार एवं पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज के संयुक्त तत्वावधान में तथा सरकारी ब्लड बैंक पलवल के सहयोग से कल जिला परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस शिविर में जेल कर्मियों एवं अन्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया।

रक्तदान शिविर का शुभारंभ जेल उपाधीक्षक साजिद खान तथा सहायक अधीक्षक दिनेश यादव ने स्वयं रक्तदान करके किया। जिला कारागार की स्थापना के बाद पहली बार आयोजित इस रक्तदान शिविर में 23 जेल कर्मियों एवं अन्य लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया।

अंतर्राष्ट्रीय रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में केंद्रीय कारागार अंबाला द्वारा कल जिला रेड क्रॉस समिति अंबाला के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक सुरेंद्र गोदारा, डीएसपी यश कुमार सहित कारागार के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने रक्तदान कर समाज सेवा का संदेश दिया। रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।जिला रेड क्रॉस समिति अंबाला से कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार सैनी ने बताया कि सिविल अस्पताल अंबाला छावनी की टीम ने शिविर के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा कुल 53 यूनिट रक्त एकत्रित किया।